तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 2 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 एकेडमिक स्कूल में 9वें किड-फिट डे का भव्य आयोजन



08 कैट ने थोक कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी के नवनियुक्त...



## खबर संक्षेप

### फंदे पर लटका मिला माहभर पहले लापता व्यक्ति का शव

**बालोद।** दीपावली के समय से अपने गांव से लापता व्यक्ति ग्राम अहिराबरन नवागांव निवासी परस राम 60 वर्ष लाश खरखरा जलाशय से लगे जंगल के पास पेड़ से लटकती मिली है। जानकारी के अनुसार ग्राम अहिराबरन नवागांव निवासी परस राम 60 वर्ष दीपावली के समय से अपने घर से लापता था। बुजुर्ग के परिजनों ने इसकी सूचना सुरेगांव पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस व परिजनों द्वारा व्यक्ति की खोजबीन किये जाने के बाद भी नहीं मिल पा रहा था। लगभग एक माह बाद उनकी लाश खरखरा जलाशय से लगे जंगल के पास पेड़ से लटकती हुई मिली है। यह हत्या है या आत्महत्या है, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

### तीन दिन से लापता वृद्धा का शव बरामद

**बालोद।** ग्राम पीपरछेड़ी में तीन दिन से लापता बुजुर्ग महिला का शव गांव के ही तालाब (डबरी) में मिला है। बुजुर्ग महिला ने आत्महत्या की या डूबने से उसकी मौत हुई यह जांच का विषय है। पुलिस ने कहा कि जांच के बाद ही इसका खुलासा हो पाएगा। बुजुर्ग की पहचान धानाबाई ठाकुर 75 वर्ष के रूप में हुई है, जो कहीं जाने के लिए घर से तीन दिन पहले निकली हुई थी। लेकिन, रविवार को बुजुर्ग महिला का शव तालाब में मिला है। जानकारी के अनुसार परिजनों ने थाने में बुजुर्ग महिला के गुम होने की सूचना भी दी थी।

### फंदे पर लटकती मिली लाइन मैन की लाश

**बालोद।** नगर आमापारा में किराए के मकान में रह रहे राजेंद्र कुमार ठाकुर का शव मकान की बाड़ी में स्थित पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतक विद्युत विभाग का कर्मचारी था। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह बालोद शहर के आमापारा के एक किराए के मकान के बाड़ी में बालोद विद्युत विभाग में सहायक लाइन मैन के पद पर पदस्थ राजेंद्र कुमार ठाकुर का शव लटकते हुए देखा गया। आस पास के लोगों ने कोतवाली थाना में इसी सूचना दी। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस की टीम पहुंची और छानबीन करते हुए आस पास के लोगों से पूछताछ की।पुलिस ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों सौंप दिया गया है।

### ट्रांसफार्मर से टकराई कार

**बालोद/गुण्डरदेही।** ग्राम कचांदुर में मोटर सायकल को बचाने के प्रयास में कार ट्रांसफार्मर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रांसफार्मर के दोनों पोल टूट गए। गनीमत रही कि विद्युत प्रवाह कार में नहीं हुआ। घटना में एयरबेग खुलने के कारण कार चालक को मामूली चोटें आई। घटना की जानकारी के बाद विद्युत विभाग ने तत्काल विद्युत सप्लाई बंद की जिससे बड़ी घटना होने से बच गया।

### धान खरीदी : सर्द हवाओं और बारिश के कारण धान को हो सकता है नुकसान

# परिवहन सुस्त, खरीदी केंद्रों में हजारों क्विंटल धान जाम, खराब मौसम से सुरक्षा को खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है। सर्द हवाओं के साथ नमी बनी हुई है। वहीं बारिश के आसार भी नजर आ रहे हैं, लेकिन जिले के 102 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान की सुरक्षा को लेकर संकट खड़ा हो गया है। प्रदेश सरकार द्वारा बीते 14 नवंबर से शुरू की गई धान खरीदी में परिवहन की सुस्त गति के कारण धान खरीदी केन्द्रों में धान का पूरा उठाव नहीं हो पाया है। हजारों क्विंटल धान खरीदी केन्द्रों में जाम है।

इस बीच मौसम में परिवर्तन के बावजूद धान की बोरियों को ढंकने व्यवस्था नहीं की गई है। धान सर्द हवाओं और नमी के बीच खुले में पड़े हुए हैं। बता दें कि बीते वर्ष बेमौसम बारिश जमकर हुई थी। तीन दिनों तक चली बारिश के कारण जिले के अधिकांश खरीदी केंद्रों में रखे धान भीग गए थे। उस दौरान भी समितियों की लापरवाही बरतने के चलते हजारों क्विंटल धान नुकसान की कगार पर पहुंच गया था। इससे शासन के साथ साथ किसानों को भी आर्थिक नुकसान हुआ था। क्योंकि किसान वर्ग भी अपना धान बेचने समिति में पहुंच थे ओर बेमौसम बारिश की चपेट में आ गए थे, जिन्हें धान को ढकने का मौका ही नहीं मिल पाया।



#### नमी से होगा अंकुरण

धान खरीदी केन्द्रों में खुले में रखे धान को ढककर नहीं रखे जाने के कारण मौसम की नमी का असर धान पर सकता है। हल्की बारिश होने की स्थिति ने सर्द हवाओं के बीच नमी से धान अंकुरित भी हो सकते हैं। इधर खुले में रखे धान को ढकने के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में कैप कवर भेजा गया है, लेकिन अधिकांश समिति प्रबंधक द्वारा धान को ढककर नहीं रखा गया है। ऐसे में अगर अचानक बारिश होने से धान के भीगने का खतरा है।

#### खुले आसमान के नीचे धान

जिले के अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में शेड निर्माण नहीं हुआ है। इसके कारण खुले आसमान के नीचे धान रखे हुए हैं। वहीं सभी खरीदी केन्द्रों में अब तक परिवहन शुरू नहीं हो पाया है, जिसकी वजह से कई केन्द्रों में हजारों क्विंटल धान जाम है। हालांकि अब मौसम में बदलाव को देखते परिवहन शुरू कराया जा रहा है। शहर सहित अन्य सोसायटी में धान का परिवहन शुरू हुआ है। यहां भी बड़े पैमाने पर धान जाम है।

**कैप कव्हर होने के बाद भी लापरवाही:** धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में की व्यवस्था होने की बात कही जा रही है। लेकिन मौसम में बदलाव के बाद भी धान को सुरक्षित तरीके ढककर नहीं रखा गया है। ऐसे में अगर देर रात बारिश होती है, तो एक चौकीदार के भरोसे धान की बोरियों को नहीं ढका जा सकता।



## खेत-खलिहान में धान, किसान परेशान

■ बेमौसम बादल छाने से किसानों के चेहरों पर छाई चिंता की लकीरें

**बेरला।** बेमौसम बादल छाने से अंचल के किसान सहित ग्रामीणों के चेहरों पर चिंता की लकीरें छा गई हैं। वर्तमान में किसानों धान की कटाई में जुटे हैं। कई किसानों ने कटाई पूरी कर ली है। वहीं, आसमान पर काली घटाओं के साथ ठंडी ठंडी हवा चलने से किसान चिंतित हैं। इसके अलावा जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली है, उसे कोठार अर्थात खलिहान में भंडारण कर रखे हैं। वहीं, बारिश का भय किसानों को भय का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ जिन किसानों के खेत में धान कटाई के लिए बचे हुए हैं और खलिहानों में पड़े हुए हैं, दोनों के नुकसान होने की चिंता सताने लगी है। वहीं किसानों ने खलिहानों के धान को झिल्ली, तिरपाल से ढक लिया है। इसके अलावा बेरला अंचल क्षेत्र के कुछ धान खरीदी केंद्रों में भी समिति के पदाधिकारी अपनी सूझबूझ से बारिश होने से पहले ही धान को ढक रहे हैं और बचाव का पूरा प्रयास कर रहे हैं परंतु बादल छाने से बारिश होने की आशंका चिंता का विषय बन गया है। लिहाजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण आसमान में बादल छा गए हैं। बादलों को देखकर बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है। बारिश की इस आशंका से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें तन गई हैं। क्योंकि अभी अधिकांश किसानों की धान कटकर खेतों में पड़ी हैं या खलिहान पहुंच चुकी है। किसानों का कहना है कि कट चुकी फसल पर यदि बारिश की मार पड़ती है तो उन्हें भारी नुकसान होगा। आसमान में घिरे बादलों को देखकर किसान तेजी से कटाई पूरा कर कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखने के काम में जुट गए हैं। वहीं, आसमान में छाए बादलों के कारण तापमान में स्थिरता बनी रहेगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन मकानों का जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण

■ हितग्राहियों से कहा-आवास संबंधी कार्य के लिए कोई शुल्क देने की आवश्यकता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत नारायणपुर, टेमरी, अमलडीहा, परसदा, अमोरा एवं घुरसेना में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान, पूर्व वर्ष में स्वीकृत अपूर्ण आवासों के हितग्राहियों को शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने कहा वहीं, नवीन स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों को तीन माह के भीतर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात कही ।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत नारायणपुर और टेमरी में आवास निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई गई, जिसके लिए संबंधित पंचायतों में कार्यरत आवास मित्रों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उनके कार्य की सराहना की, साथ ही, हितग्राहियों को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत किसी भी प्रकार के कार्य के लिए कोई शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। निर्माणाधीन आवास का जियोटैग शासन द्वारा नियुक्त कर्मचारी द्वारा निःशुल्क किया जाएगा।

ग्राम पंचायत अमोरा में नवीन स्वीकृत आवासों में अप्रारंभ आवासों की संख्या अधिक पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं, आवास मित्र की कार्यप्रगति में कमी के चलते, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नवागढ़ को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशासन की यह पहल ग्रामीण हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने और योजना के उद्देश्यों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## पंचायत कार्यालय के सामने नाडेप में पसरी गंदगी

कचरा भर जाने के बाद भी नहीं करवाई जा रही सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला में आने वाले ग्राम पंचायत भेड़नी में स्वच्छता के प्रतीक नाडेप में कचरे भर जाने के बाद भी सालों से सफाई करने में लापरवाही बरती जा रही है।

बता दें कि कार्यालय ग्राम पंचायत भेड़नी के सामने ही सामुदायिक स्वच्छता परिसर समीप नाडेप बनाया गया है जहां पर सालों से कचरे भर जाने के बाद भी जनप्रतिनिधियों को सुध नहीं है। जिसके चलते नाडेप में कचरा व अपशिष्ट अवशेष इधर उधर बिखर गए और गंदगी फैलता ही जा रहा है। वही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांव के सभी वार्डो में नाडेप बनाया गया है। ताकि घर व गलियों में गंदगी न फैले और आस पास साफ-सफाई बना रहे।

इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत गांव के गलियों में घर के दीवारों में जागरूकता के प्रति रंगरोगन किया गया है, जो आज दीवारों व कागजों तक सीमित रह गए हैं। वहीं, दूसरी ओर ग्राम पंचायत भेड़नी के जनप्रतिनिधियों द्वारा ही शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना को फेल करने पर तुले हुए हैं।

गांव में स्वच्छता के नाम पर वाहवाही लूटने का काम फैले हुए कचरे साफ-सफाई नहीं होना दिखाई दे रहे है। लिहाजा ग्राम पंचायत भेड़नी के ग्राम वासियों द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूक होते हुए नाडेप की उपयोग कर ग्रामीण कचरे डालने के काम तो कर रहे हैं। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा नाडेप की सफाई करने में लापरवाही बरत रही है। इससे गंदगी और फैल रही है। वहीं, महीनों तक जाम कचरे से बदबू आने लगी है। इसके चलते वार्डवासी परेशान हो रहे हैं। नाडेप में लोग सूखा, गीला, अपशिष्ट पदार्थ के कचरे को डाल दिया जाता है। जो जहरीली गैस के रूप में वातावरण में संलिप्त हो रहे हैं। इससे ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बनने की आशंका है। वहीं, बीमारी का भय वार्ड वासियों को लगा रहता है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत भेड़नी के जनप्रतिनियों द्वारा ध्यान नहीं देना बड़ी लापरवाही को अंजाम दे रहा है।

## जल जीवन मिशन से बदली सुरकी के ग्रामीणों की दशा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सुरकी गांव ने एक नई शुरुआत की है। जल जीवन मिशन ने ग्रामवासियों के जीवन को सकारात्मक रूप से बदल दिया।

ग्राम पंचायत हेमाबंद के अंतर्गत आने वाला यह गांव, जो जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर है, पहले पानी की गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था। लगभग 500 की जनसंख्या वाले इस गांव में गर्मी के दिनों में पानी का स्तर नीचे चला जाता था, और बारिश के दिनों में गंदा पानी बड़ी समस्याएं खड़ी करता था । पानी के लिए गांव के लोग सरकारी हैंडपंप, निजी नलकूप, और कुओं पर निर्भर थे। गर्मियों में पानी ढोने के लिए महिलाओं को दूर-दूर तक जाना पड़ता था, जिससे उनका समय और ऊर्जा दोनों नष्ट होते थे। इस समस्या ने घरेलू कामकाज, बच्चों की देखभाल, और महिलाओं के जीवन स्तर को बुरी तरह प्रभावित किया ।

ग्राम की महिलाओं लता और मंदाकिनी टंडन, ने जल जीवन मिशन के महत्व को साझा करते हुए बताया कि पहले पानी लाने के लिए उन्हें घंटों मेहनत करनी पड़ती थी। इससे न केवल उनका समय बर्बाद होता था, बल्कि स्वास्थ्य और घरेलू जिम्मेदारियां भी प्रभावित होती थीं। अब, घर में नल से पानी मिलने से उनका जीवन काफी आसान हो गया है।

### डाइट में विज्ञान विषय के व्याख्याताओं को दिया गया प्रशिक्षण

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना आप सब की जिम्मेदारी : डा. बंजारे

■ डीईओ ने व्याख्याताओं से कहा बच्चों की कमजोरी को जानकर उन्हें दूर करने का करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के दिशा निर्देश और जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अध्यापनरत जीवविज्ञान और रसायन शास्त्र विषय के व्याख्याताओं का तीन दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, सहायक संचालक एसपी कोशले तथा जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे उपस्थित थे।



समापन अवसर परजिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना आप सब की जिम्मेदारी है। बच्चों को प्रायोगिक कार्य कराने से विषय के प्रति उनकी समझ स्थाई हो जाती है। जीवविज्ञान और रसायन शास्त्र विज्ञान संकाय का एक महत्वपूर्ण विषय है इस विषय को डॉक्टर बनने वाले विद्यार्थी और इंजीनियर बनने वाले विद्यार्थी दोनों पढ़ते हैं। बच्चों की कमजोरी को जानकर उन्हें दूर करने का कार्य करें। उनकी समस्या को दूर करने का कार्य करें। कमजोर बच्चों को अलग से बुलाकर उपचारात्मक शिक्षण द्वारा उनके लिए अलग से कक्षाएं लगाकर उनकी कमजोरी दूर करें। इस वर्ष आप सब बोर्ड कक्षाओं की रिजल्ट को बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। बोर्ड परीक्षा के परिणाम को और बेहतर सुधारना है।

### 150 बच्चों को जिला मुख्यालय बेमेतरा में दी जाएगी विशेष कोचिंग

डीईओ डॉ बंजारे ने कहा कि 10 जनवरी तक हर हाल में पाठ्यक्रम को पूर्ण करें। क्योंकि 10 जनवरी के बाद प्रायोगिक कार्य व परीक्षा शुरू होता है। आने वाले दिनों में हम 150 बच्चों की जिला मुख्यालय बेमेतरा में विशेष कोचिंग क्लास आयोजित की जाएगी। इसमें 75 बच्चे विज्ञान के और 75 बच्चे गणित में कोचिंग प्राप्त करेंगे। इसमें बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ जेईई और नीट की भी कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा का एक अच्छा वातावरण निर्माण करने का भरपूर प्रयास करें। कोर्स को पूरा करने के उपरांत आप पूरे कोर्स का एक बार पुनरावृति करें। आप सब अपने अपने विद्यालय के त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम का विश्लेषण करें। विश्लेषण करने के उपरांत ही हम बेहतर परीक्षा फल प्राप्त कर सकते हैं।

### यहां जो सीखा, उन्हें स्कूल में शत-प्रतिशत लागू करें : घृतलहरे

डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि सभी व्याख्याता को इस प्रशिक्षण को पूरी तरह से गंभीरता पूर्वक लेना है, और यहां से आपने जो कुछ भी सीखा है उसे अपने स्कूल की कक्षाओं में बच्चों के साथ शत प्रतिशत से लागू करना है। प्रशिक्षण के प्रभारी डाइट के व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे थे। जबकि मास्टर ट्रेनर्स, डीआरजी के रूप में जीवविज्ञान के लिए व्याख्याता केजहा राम निषाद, घनश्याम माडीले तथा रसायन शास्त्र के लिए व्याख्याता बालमुकुंद साहू, रवि चौहान ने प्रमुख भूमिका निभाई।

### बंग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन कल

**बालोद।** बंग्लादेश में कट्टरपंथी विचारों को लेकर काम करने वाले जेहादी संगठनों द्वारा सरकार की शह पर वहां निवासरत अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्या, मन्दिरों में तोड़फोड़, हिंदू संतों की गिरफ्तारी महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार की बढ़ती घटनाओं के विरोध में 3 दिसंबर को दोपहर 1 बजे बालोद शहर के जय स्तम्भ चौक में सर्व हिन्दू धर्म समाज सुरक्षा मंच बालोद जिला संगठन के नेतृत्व में बंग्लादेश सरकार के खिलाफ हल्लाबोल आंदोलन किया जाएगा। संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में हिंदुओं पर हमलों व संतो की गिरफ्तारी पर बंग्लादेश सरकार की मौन स्वीकृति व कट्टरपंथी जेहादियों को खुली छूट देने का आरोप लगाते हुए इस पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक के दौरान जोरदार प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# 290 उपार्जन केंद्रों में अब तक नहीं हुई बोहनी, प्रति एकड़ औसत उपज खरीदी के फार्मूले से किसानों में आक्रोश

## बस्तर के सुकमा और कई जिलों में कटाई न होने से नहीं पहुंचा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को शुरू हुए करीब एक पखवाड़ा पूरा हो गया है। प्रदेश के 2739 धान उपार्जन केंद्रों में से 2449 केंद्रों में ही किसानों से धान खरीदी हुई। 290 उपार्जन केंद्रों में अब तक खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। खरीदी शुरू न हो पाने का कारण यह बताया जा रहा है कि कई क्षेत्रों में धान की कटाई पूरी नहीं हो पाई है, इनमें बस्तर और अन्य जिले शामिल हैं।

वहीं कई जिलों में अपैक्स बैंक ने औसत फसल उत्पादन के आधार पर खरीदी करने के निर्देश दिए हैं। रायगढ़ और जशपुर जिले के औसत उत्पादन के आधार पर 14 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी के निर्देश का किसानों के द्वारा विरोध के धान नहीं बेच रहे हैं। 14 नंवबर से धान खरीदी शुरू होने के बाद प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों के धान खरीदी केंद्रों में खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। इन जिलों में बस्तर में कुल 79 केन्द्रों में धान खरीद होनी है, जिसमें से 17 केन्द्रों में ही खरीद आरंभ हुई है। इन केन्द्रों में अब तक किसान धान लेकर नहीं पहुंचे हैं। वहीं बीजापुर के 9, सुकमा के 19 खरीदी केंद्रों में धान की बोहनी नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि यहां पर धान के फसल पकने में देरी के कारण अभी कटाई नहीं हुई है। किसान अब कटाई में लग गए हैं। वहीं जांजगीर जिले के 129 खरीदी केंद्रों में खरीदी होनी थी, इनमें से 45 केंद्रों में किसान धान लेकर अब तक नहीं पहुंचे हैं। रायगढ़ के 105 खरीदी केंद्रों में से 44 में खरीदी हो रही है 61 केंद्रों में खरीदी शुरू नहीं हुई है। सक्ती जिले के 125 खरीदी केंद्रों में से 60 में खरीदी हो रही है, 65 केंद्रों में खरीदी शुरू नहीं हुई है। जशपुर के 45 खरीदी केंद्रों में से 34 में खरीदी हो रही 11 केंद्रों में खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। वहीं बलरामपुर के 48 खरीदी केंद्रों में से 17 में ही खरीदी हो रही है। 29 केंद्रों में अब तक बोहनी नहीं हो पाई है। कोरबा में 65 खरीदी केंद्र हैं, जहां 58 में खरीदी हो रही है। 8 केंद्र ऐसे हैं जहां किसानों ने अब तक धान नहीं लाया है।




### जशपुर और मनेंद्रगढ़ के किसानों में आक्रोश

राज्य में भाजपा सरकार बनने पर किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने का वादा किया गया था। प्रदेश के सभी सहकारी समितियों में इसके निर्देश भी जारी किए गए थे। खरीदी शुरू होने के बाद अपैक्स बैक के अधिकारियों ने जिलों में औसत उपज के आधार पर खरीदी को आधार मानते हुए कई जिलों के लिए निर्देश जारी किए हैं। उनमें जशपुर जिले में प्रति एकड़ 21 किवंटल के बजाय 14-15 किवंटल धान खरीदी के निर्देश दिए गए हैं। इनमें जशपुर जिले के 11 खरीदी केंद्रों में किसानों के द्वारा समितियों में धान ले जाया गया, पर 14 क्विंटल खरीदी करने के निर्देश के बाद धान वापस ले गए। जबकि मनेंद्रगढ़ तहसील में बरबसपुर, नागपुर और अन्य केंद्रों पर किसानों का धान लौटा दिया गया और सिर्फ 15 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी की गई।

## खबर संक्षेप




### किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

रायपुर। किसानों को धान खरीदी में हो रही समस्याओं के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस रायपुर ने प्रदर्शन किया। साथ ही कांग्रेस भवन में आंदोलन की रूपरेखा बनाकर किसानों की समस्याओं की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने किसानों को बारदाना, टोकन एवं एक बार में 3100+117 रुपए देने की मांग को लेकर जिला स्तरीय कमेटी, ब्लॉक स्तर में खरीदी केंद्र स्तरीय समिति बनी है, जो किसानों के हित में हर समस्या के लिए किसानों के साथ संघर्ष करने की बात कही। साथ ही व्यवस्था में सुधार, किसानों को राहत के लिए जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश बांधे, भावेश बघेल, कृपाराम निषाद, मोहन वर्मा, धनराज मध्यानी, कन्हैया यादव, दिनेश ठाकुर, केशरी मोहन साहू, प्रशांत गोस्वामी, सुनील सोनी, देवा टंडन, चूड़ामणि, संतोष पल भूषण साहू, अरुण शुक्ला, रहमत उल्ला खान, देवेंद्र मिश्रा, प्रणव ठाकुर, श्रवण निषाद सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पेंशनरों ने की डॉ. रमन से मुलाकात

रायपुर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित करने और विधानसभा में शासकीय संकल्प पारित करने ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के प्रांतीय महामंत्री अनिल गोल्हानी, कोषाध्यक्ष बीएस दसमेर, रायपुर जिला अध्यक्ष आरजी बोहरे, पीआर काटोलकर शामिल थे।

### योगेश अध्यक्ष, विपिन बने पेवा के सचिव

रायपुर। महाराष्ट्र भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रैक्टिसिंग इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन (पेवा) की वार्षिक सामान्य सभा में इंजीनियर योगेश शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में इं. विपिन शर्मा को सचिव, इं. महेश पोपटानी को कोषाध्यक्ष इं. राजेश जैन को कोषाध्यक्ष व इं. साहित्य राव को उपसचिव चुना गया। इस मौके पर पेवा की एजीएम में पहुंचे राजधानी के इंजीनियर्स ने महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण भी किया। सभी इंजीनियर्स ने मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले को इतने व्यवस्थित व वैभवपूर्ण भवन का निर्माण कर समाज व नगर के लिए एक अमूल्य संपत्ति उपलब्ध कराने के लिए बधाइयां दीं। इस अवसर पर सीएस पिल्लीवार, एसके अग्रवाल, आलोक महावर, नवीन शर्मा, प्रशांत बानी, हरीश पुरोहित, मनीष पिल्लीवार, नीलकंठ अग्रवाल, शैलेंद्र शर्मा सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित प्रैक्टिसिंग इंजीनियर उपस्थित रहे।



## संगठन चुनाव की कार्यशाला में भाजपा नेताओं ने दी नसीहत

# मंडल और जिलाध्यक्षों के चुनाव में भाजपा चाहती है सर्वसम्मति






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, राष्ट्रीय सह चुनाव प्रभारी नरेश बंसल, चुनाव पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने कार्यशाला में आए प्रदेशभर के पदाधिकारियों को साफ शब्दों में कहा, मंडल और जिलाध्यक्षों के चुनाव में दावेदारों के साथ मिल बैठकर बात करें और एक नाम पर सहमति बनाकर उनको जिम्मेदारी सौंपी जाए। हरसंभव प्रयास यही करना है कि किसी भी स्थिति में मतदान की नौबत न आए, लेकिन वहां पर मतदान की स्थिति बनती है, तो मतदान भी कराया जा सकता है। इसके पहले प्रदेश में भाजपा के 60 लाख सदस्य बनने पर गुब्बारे उड़ाए गए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भरत वर्मा, रामजी भारती पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, भूपेन्द्र सवन्नी, निर्मल सिन्हा, लक्ष्मी वर्मा, विक्रम उसेंडी, मंत्री लखन लाल देवांगन, धरमलाल कौशिक, नारायण चंदेल, रूप कुमारी चौधरी, चंपा देवी पावल, राजीव अग्रवाल, नरेश चंद्र गुप्ता, रजनीश शुक्ला,अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल, नवीन मार्कंडेय, सरला कोरिया, विकास मरकाम, ओजस्वी मांडवी, शालिनी राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, जिला सदस्यता अभियान के संयोजक, सहसंयोजक मौजूद रहे।

### 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा

प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, सदस्यता अभियान की सफलता ने बताया कि भाजपा का परचम किस प्रकार से छत्तीसगढ़ में लहरा रहा है। छत्तीसगढ़ को जो लक्ष्य केंद्रीय नेतृत्व ने दिया उस लक्ष्य को हमने पूरा किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, प्रदेश के सभी कार्यकर्ता एवं सभी पदाधिकारियों ने 86 दिनों में 60 लाख के सदस्य लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री महामंत्री पवन साय ने कहा, सदस्यता अभियान में आप सभी लोगों ने बहुत अच्छा कार्य किया। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंह देव ने विस्तार से अभियान की पूरी जानकारी दी। सक्रिय सदस्यता के बारे में प्रदेश प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 60 हजार सक्रिय सदस्य बन गए हैं। यह आंकड़ा 80 हजार तक जाएगा।

### 2 दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला

कार्यशाला में प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, 30 नवंबर तक बूथों में बूथ कमेटियां का चुनाव पूरा करना था, लेकिन अभी 15 हजार बूथों में ही कमेटियां बनी हैं, 9 हजार से ज्यादा में अभी चुनाव बचे हैं। ऐसे में बूथों कमेटियों के चुनाव पांच दिसंबर तक पूरे करने की नई समय सीमा तय की गई। इसी के साथ मंडलों और जिलाध्यक्षों के चुनाव के पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला करने के निर्देश दिए गए। 3 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडलों और फिर 16 से 31 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों के चुनाव होंगे। श्री पारख ने कहा, मंडल अध्यक्ष एवं नया जिला अध्यक्ष बनने के बाद जब नई कार्यकारिणी बनेगी तो 12 लोगों में तीन महिलाएं होनी चाहिए, इसी के साथ सभी वर्गों को अवसर देना है। राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी नरेश बंसल ने मंडल और जिलाध्यक्ष बनने के लिए कार्यकर्ता में क्या योग्यता होनी चाहिए, इसकी पूरी जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल और जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल की आयु सीमा तय की गई है।

## कोर कमेटी में भी नगरीय निकाय पंचायत चुनाव साथ कराने पर मंथन




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बड़ी बैठक की है। पहले तीन संभागों बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर की बैठक हुई। इसके बाद कोर कमेटी की बैठक की गई। कोर कमेटी की बैठक में भी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव साथ कराने पर मंथन किया गया। इसी के साथ नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने पर भी चर्चा की गई। सरकार जल्द इस पर फैसला लेगी। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा दोनों चुनाव एक साथ कराने की तैयारी में है।

प्रदेश भाजपा संगठन ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर संभागों की बैठक में यह जानने का प्रयास किया है कि संभाग के जिलों के पदाधिकारी, प्रदेश भर के भाजपा के महापौर, अध्यक्ष, सभापति, नेता प्रतिपक्ष, सांसद, विधायक और जन प्रतिनिधि क्या सोचते हैं। ऐसे में इनके साथ नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने को लेकर रायशुमारी की गई है। इसी के साथ महापौर और अध्यक्ष के चुनाव को प्रत्यक्ष कराने पर भी बात की गई है।

### कोर कमेटी में भी चर्चा

तीन संभागों की बैठक के बाद कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व अध्यक्ष और विधायक विक्रम उसेंडी, गौरीशंकर अग्रवाल, महामंत्री राम रोहरा, संजय श्रीवास्तव, रामजी भारती, भरत वर्मा की उपस्थिति में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर मंथन किया गया।

### साय बोले- ऑफेंसिव होकर चुनाव में जाएंगे

विष्णु देव साय ने कहा, जनता के बीच हमें डिफेंसिव होकर जाने की आवश्यकता नहीं है। ऑफेंसिव होकर चुनाव में जाएंगे क्योकि हमने मोदी की गारंटी को पूरा किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, आज विकास के सारे काम हो रहे हैं। बस्तर विकास प्राधिकरण अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित किए गए हैं। नितिन नवीन ने कहा, हमें दोनों चुनावों में अभी से जुट जाना है। किरण देव ने कहा, आगामी निकाय व पंचायत चुनाव विचारधारा के चयन का चुनाव है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, प्रदेश में 188 नगरीय निकाय है और निकायों में 3,538 वार्ड हैं। हमारी सरकार बनने के बाद राज्य के सभी नगरीय निकायों को 2 हजार करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। सभी नगरीय निकायों में विकास के काम चल रहे हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचायत चुनाव के तकनीकी पक्ष से पदाधिकारी को अवगत कराया।

## थोक में किए गए तबादले

# लोक निर्माण विभाग में 71 अभियंताओं की नई पदस्थापना

रायपुर। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने 71 अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं और सहायक अभियंताओं की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। जिन अधिकारियों के नाम इसमें शामिल हैं, उनमें कार्यपालन अभियंता पीएल पैकरा को रायपुर से सारंगढ़, मधेश्वर प्रसाद बालोद से बीजापुर, बीके ध्रुव बीजापुर से जगदलपुर, निर्मल कुमार सिंह बेमेतरा से रायपुर, हेमंत अरोरा को रायपुर से नवा रायपुर, हीरामन सिंह नायक को अंबिकापुर से दुर्ग, डीके महेश्वरी दुर्ग से रायपुर, डीके चंदेल रायपुर से बेमेतरा, एके श्रीवास दुर्ग से नवा रायपुर, ललित कुमार भोई अंबिकापुर से नारायणपुर, सुबोध राम भगत बचेली ये अंबिकापुर, हरनारायण पात्र जगदलपुर से सुकमा, मोहन राम भगत को अंबिकापुर से रामानुजगंज, गोविंद अहिरवार रायपुर को रायपुर, केके सरल चांपा से कांकेर, रणजीत अशोकि घाटगे रायपुर से कवर्धा, राजेंद्र कुमार सोनकर बलौदाबाजार से कांकेर, ब्रजेश चतुर्वेदी मनेंद्रगढ़ से बिलासपुर, नितेश तिवारी को अंबिकापुर से बिलासपुर, विशाल तिवारी को रायपुर से विधानसभा संभाग रायपुर, अभिनव श्रीवास्तव रायपुर से रायपुर, संतोष कुमार नेताम धमतरी को धमतरी, आशीष कुमार दुबे रायपुर को मनेंद्रगढ़, महावीर प्रसाद डडसेना को नगरी से रायपुर, संतोष कुमार गुप्ता रामनुजगंज को नवा रायपुर, मोचन प्रसाद कश्यप को पत्थलगांव, वीरेंद्र चौधरी को जशुपर से अंबिकापुर, नंद किशोर डडसेना नवा रायपुर को अंबिकापुर, केशव प्रसाद लहरे को चांपा से सूरजपुर, अमित कश्यप को रायगढ़, भोज कुमार मांझी गुण्डरदेही से दंतेवाड़ा, रमेश कुमार शर्मा को जांजगीर से रायगढ़, रामाधार तांबे को रायपुर से अंबिकापुर, रामेश्वर प्रसाद सिंह नवा रायपुर से गरियाबंद, सुनील कुमार चौरसिया राजनांदगांव, प्रियंका मेहता बिलासपुर से सक्ती, प्रज्ञा नंद जगदलपुर से कोंडागांव, रश्मि वैश्य लोरमी से बिलासपुर, मेरी दिव्या गुलाब केरकेट्टा को अंबिकापुर, नीता रामटेके को राजिम से बलौदाबाजार, रितू खरौ को बालोद से मानपुर, ममता पटेल को मुंगेली से चांपा, आशा मंडावी को आंगढ़ से कांकेर पूर्णिमा कौशिक को महासमुंद से बालोद, नित्या कुमारी को पंडरिया से पेंड्रा, श्रद्धा सिंह को रायपुर, एसके सतपथी को मनेंद्रगढ़ से मुंगेली, अनुज शर्मा गरियाबंद से बलौदाबाजार, आशीष कुमार को नवा रायपुर से दुर्ग, देवनारायण वर्मा को रायपुर, चंद्र किशोर पांडे बिलासपुर से दुर्ग, प्रदीप गुप्ता राजनांदगांव से दुर्ग, शिवलाल ठाकुर को दंतेवाड़ा से रायपुर, प्रभात कुमार सक्सेना आरंग से रायपुर, चंद्रशेखर चंद्राकर रायपुर से महासमुंद, व्हीएनके शास्त्री को बलासपुर, संजय चौहान रायपुर से नवा रायपुर, रामरतन ध्रुव कांकेर से जगदलपुर, विंध्यराज सिंह बिलासपुर, जेएन मानकर नारायणपरु से रायपुर, टीएन सिंह जशपुर और टीसी वर्मा को बलौदाबाजार में पदस्थ किया गया है।

# बिल्डिंग मटेरियल रखने पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सडक किनारे बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों की अब खैर नही है। इसके लिए आयुक्त ने संबंधितों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए है। मटेरियल सडक पर रखने के कारण आवाहाजी और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

कमिश्नर सुमित अग्रवाल शहर के वार्डो में निगम अमला के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। कमिश्नर ने वार्ड क्रमांक 1 नयापारा बाजार के पास सड़क किनारे पढ़े सीएनडी वेस्ट को हटाने और जुर्माना करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर तालाब पहुँचे, जहाँ सफाई और पानी निस्तार के लिए संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिए। सुबह कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 1 नया पारा, पंचशील नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लीकेज पाइप लाइन को जल्द ठीक करने को कहा। साथ ही सड़क किनारे बिल्डिंग मटेरियल देखकर मौजूद अधिकारी को कार्रवाही करने की बात कही।



कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि, शहर के कई वार्डो में रोड, नाली के किनारे बिल्डिंग मटेरियल रखने पर नगर निगम का अमला सामग्री जब्त करने की कार्रवाई करेगा। रोड व नाली के किनारे रेत, गिट्टी, ईंट का ढेर रखने से आवागमन में परेशानी होती है।

### नालियां हो रही जाम

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने बताया कि, भवन निर्माण करने वाले नागरिकों ने बिल्डिंग मटेरियल रखने की व्यवस्था नहीं की है। ऐसे में लापरवाही से सड़क या नाली के किनारे रेत-गिट्टी रखने से आवाजाही पर असर पड़ रहा है। इसके कारण नागरिकों को आने जाने पर परेशानी होती है। मटेरियल रखने के कारण नालियां जाम हो रही हैं। उन्होंने व्यवसाय करने वाले व भवन निर्माण करने वालो से अपील की है। बिल्डिंग मटेरियल सड़क व नाली के ऊपर न रहें।

# रायपुर सहित राज्य के चार शहरों में चलेंगी ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के चार शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में नागरिकों को जल्द ही ईको-फ्रेंडली, किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत इन चारों शहरों में 240 ई-बसें संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर के लिए 100, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य स्तर पर इसके लिए सूडा को नोडल एजेंसी तथा संबंधित जिलों में गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। राज्य शासन ने सड़कों पर इन ई-बसों को उतारने की तैयारियां तेज करते हुए चारों शहरों में बस डिपो और बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर करते हुए निविदा आमंत्रण की भी अनुमति दे दी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण ने चारों शहरों में ई-बस सेवा के संचालन के लिए अलग-अलग गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को इन दोनों कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करते हुए निविदा आमंत्रित करने कहा है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत शहरों को जनसंख्या के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है।




Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शोभायात्रा आज

**डौंडीलोहारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की डौण्डीलोहारा ईकाई द्वारा नगर में जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नगर के समस्त विद्यालय व महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित होकर 10 बजे से भव्य शोभायात्रा के माध्यम से सुंदर जनजाति नायक नायिकाओं के रूप में नगर भ्रमण करेगी। उसके बाद लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में संगोष्ठी होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जामड़ी पाटेश्वर धाम के संचालक श्री रामबालक दास जी, प्रमुख वक्ता विकास मरकाम और अध्यक्षता यज्ञदत्त वर्मा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री रहेंगे। कार्यक्रम में 1000 विद्यार्थी सम्मिलित होकर जनजातीय गौरव के इतिहास के बारे में जानेंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### फंदे पर झूलता मिला हड्डियों का ढांचा

**डौडीलोहारा।** कोटेरा के जंगल में शनिवार को एक पेड़ से फांसी पर झूलते हुए सड़ी-गली हड्डी के ढांचे के रूप में शव मिलने से सनसनी फैल गई। वन विभाग की टीम ने सबसे पहले शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। टीआई वीणा यादव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। घटनास्थल पर एक लेडीज सायकिल व कुछ अन्य सामग्री मिली है। पुलिस ने अपने स्तर पर जांच पड़ताल शुरू की। पता चला कि पास के थाना क्षेत्र सुरेगांव के ग्राम अ.नवागांव से 30 अक्टूबर को 65 वर्षीय वृद्ध परस विश्वकर्मा अपने घर से सायकल पर कहीं निकला था, जो घर नहीं लौटा। इधर उधर नाते रिश्तेदारों में पतासाजी के बाद 2 नवम्बर को सुरेगांव थाना में गुम इंसान के रूप में मामला दर्ज कराया गया था। इसी आधार पर मृतक के परिजनों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराई गई। परिजनों ने सामान व सायकिल आदि के आधार पर शव के परस विश्वकर्मा की होने की पुष्टि की। विवेचना अधिकारी एएसआई अनितराम यादव ने बताया कि वन विभाग के चौकीदार शगनु राम की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है।

### ई-रिक्शा चोर ही निकला शातिर नकबजन, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने ई रिक्शा चोरी के मामले में दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। 23 नवंबर को प्रार्थी हरेकृष्णा साह निवासी सरकारी अस्पताल के पास बापू नगर खुर्सीपार ने थाना खुर्सीपार में रिपोर्ट लिखवाई। 16 नवंबर की शाम ई-रिक्शा चेचिस नम्बर एमसीबी 18C000049 एवं इंजन नम्बर ERBCHRL 071864V15A25357 अपने घर के सामने (सरकारी अस्पताल के पास बापूनगर) में खड़ी किया। सुबह सोकर उठा तो देखा कि ई-रिक्शा वहां नहीं थी। मेराज आलम पिता मेहताब आलम उम्र 23 साल निवासी गौतम नगर सेक्टर 11 आनंद दुकान के पीछे खुर्सीपार और शांता राव पिता नारायण राव उम्र 25 साल निवासी देना बैंक के पीछे स्वीपर मोहल्ला छावनी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने वर्ष 2023 में गौतम नगर जोन 1 खुर्सीपार में घर चोरी की घटना को अंजाम देना भी स्वीकार किया।

---

**आयोजन : टाउन हॉल में हुआ युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन**

# रिश्ता तलाशने एक स्थान पर जुटा साहू समाज, युवक-युवतियों ने दिया परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





साहू समाज ने रविवार को जिले के टाउन हॉल में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। साहू समाज की ओर से आयोजित परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने की। विशिष्ट अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार साहू थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजन से एक ही मंच पर बेटे-बेटियों के लिए रिश्ता मिल जाता है। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन से समय और पैसे दोनों की बचत होती है। दामाद और बहू के चयन में आसानी होती है। एक-दूसरे को जानने समझने का भी मौका यहां मिलता है। श्री साहू ने कहा कि साहू समाज का ये परिचय सम्मेलन सालों से चला आ रहा है। समाज को इस तरह की व्यवस्था आगे भी बनाकर चलनी चाहिए। समाज को रुढीवादी और कुरीति वाली पंरपरा से आगे निकलना चाहिए। उन्होंने अंत में कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज को नई दिशा मिलती है। लोगों की मुश्किलें भी कम होती है।

इस दौरान शकुंतला साहू न.पा.अ.पंचराम साहू जिला सरक्षक, रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, गैदाराम साहू जिलाध्यक्ष, गजानंद साहू, धनेशवरी साहू, नारद साहू, छेदिलाल साहू, बेनूराम साहू, अरुण साहू, बिसौहा साहू, डॉ मिलाप राम साहू, गौकरण साहू, शत्रुहन साहू, खेमसिँह साहू, प्रेम लाल साहू रामसागर साहू, दुकलहा साहू, डॉ खोमराम साहू, मोंटी साहू शहर मण्डल अध्यक्ष, हीरालाल साहू, डॉ लाला राम साहू, ओमकार साहू, ईश्वर साहू, बसंत साहू, छोटेलाल साहू, सूर्यकान्त साहू, उमाशंकार साहू, सुशील साहू, प्रेमू साहू, राजा साहू, डॉ शिलेन्द्र साहू, डॉ विनय साहू, राकेश साहू, केशव साहू, पंचू राम साहू उपाध्यक्ष , धर्मेंद्र साहू,लक्ष्मी साहू,रीना साहू,ओमेश्वरी साहू,दीना नाथ साहू एवं समस्त साहू समाज के पदाधिकारी, सामाजिक बंधु मौजूद रहे।

---

# प्राथमिक शाला पिपरिया में हुई जवाहर नवोदय विद्यालय प्री टेस्ट परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया विकासखण्ड साजा में जवाहर नवोदय विद्यालय प्री टेस्ट परीक्षा का आयोजन डोगेंद्र वर्मा प्रधान पाठक पिपरिया के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतिवर्ष शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया में जवाहर नवोदय विद्यालय प्री टेस्ट परीक्षा का आयोजन होता है। जिसमें साजा विकासखण्ड के अलावा पड़ोसी जिले के भी बच्चे सम्मिलित होते हैं। 1 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक टेस्ट परीक्षा का आयोजन हुआ, जिसमें 260 बच्चे सम्मिलित हुए। परीक्षा में साजा विकासखण्ड के साथ-साथ कबीरधाम जिला खैरागढ़ जिला से भी बच्चे सम्मिलित हुए। आयोजन कर्ता में मुख्य रूप से सम्मिलित शिक्षक विशेषर नेताम, उत्तम साहू, देवराम साहू, मुकेश वर्मा, रामदत्त साहू, मुकेश सिंह राजपूत, विशेश्वर साहू शामिल हुए। अंत में सभी बच्चों को प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा एवं रामदत्त साहू द्वारा बच्चों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं एवं आगे की पढ़ाई कैसे करें इसके बारे में बच्चों को विस्तार से बताया।

---

# नवीन शासकीय महाविद्यालय ठेलका के विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

■ नागरिकों को मतदान के लिए किया प्रेरित




नवीन शासकीय महाविद्यालय ठेलका में प्राचार्य डॉ.विजयलक्ष्मी दीवान के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी और महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक अखिलेश निराला के नेतृत्व में कार्यक्रम संचालित हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में रंगोली , पोस्टर, निबंध ,भाषण , वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने ग्राम ठेलका में मतदाता जागरूकता रैली निकाली, जिससे ग्रामीणों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ी । इसके साथ ही नए मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में ऑनलाइन नाम जोड़ने की पूरी प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। अभी लगातार महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विजयलक्ष्मी दीवान , साजा महाविद्यालय के प्राचार्य राजेशधर दिवान,स्वीप नोडल अधिकारी अखिलेश निराला ,धर्मकुमार तिवारी ,महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापक राघवेंद्र वर्मा ,चंद्रिका निषाद ,वीरेंद्र कुमार ,अमन वर्मा ,पोषण ध्रुव ,मंजू मर्सकोले ,सीमा सोन , रंजना दामले , ऋतु साहू एवं समस्त स्टाफ व कैंपस एम्बेसडर भक्तराज साहू काजल साहू और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।सभी का विशेष योगदान रहा ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पूरी प्रक्रिया के बारे में अवगत कराना था।

---

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन का विधायक दीपेश ने किया स्वागत ...



**बेमेतरा।** रविवार नगर के टाउन हॉल में आयोजित साहू समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू बेमेतरा पहुंचे। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू के स्थानीय रेस्ट हाउस पहुंचने पर विधायक दीपेश साहू ने पुष्प गुच्छ व भाजपा का गमछा भेंटकर उनका स्वागत किया। विभिन्न विकासकार्यों को लेकर गहन चर्चा की। इस दौरान पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दीपक ताराचंद साहू, प्रदेश मंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा होरी लाल सिन्हा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, राजू देवांगन, धर्मेंद्र साहू, देवराम साहू पार्षद, पंचू राम उपाध्यक्ष नगर पालिका, राजू साहू पार्षद, जया साहू पार्षद सहित भाजपा व समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

# विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए झूठा श्रेय न लें नपं अध्यक्ष : कुसुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विष्णुदेव सरकार द्वारा विकास कार्य के लिए लाखों रुपए की स्वीकृति होने का नगर पंचायत अध्यक्ष झूठा श्रेय लेने की कोशिश न करें। यह बात कुसुम शर्मा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने कही है।

उन्होंने बताया कि नगर में विभिन्न सामुदायिक भवनों की स्वीकृति भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर की मांग पर जनता की सुविधा के लिए उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव द्वारा दी गई है। लेकिन, इसका श्रेय डौंडीलोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा लेने की कोशिश की जा रही है, जो कि ओछी मानसिकता का उदाहरण है। दूसरे के कार्यों को स्वयं द्वारा स्वीकृत बताना, नगर पंचायत अध्यक्ष को शोभा नहीं देता।

नगर पंचायत अध्यक्ष को कांग्रेस के कार्यकाल में स्वीकृत कार्यों और उनके किए गए भ्रष्टाचार को बताना चाहिए और उसका श्रेय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में स्वीकृत सभी कार्य भाजपा के प्रयास से स्वीकृत हुए हैं, जिसका पूरा श्रेय भारतीय जनता पार्टी की सरकार और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव को जाता है।

---

# ठेलका सेजेस में हुई योग प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व निर्माण कार्यशाला



**बेमेतरा।** शनिवार को सेजेस ठेलका में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से पहुंची बहनों ने शाला परिसर में योग प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं में योग शिक्षा के साथ-साथ उनके समग्र व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करना है। कार्यक्रम में गायत्री परिवार साजा के ब्लॉक संयोजक पोखन सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय संस्कृति परीक्षा के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों में व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक,एवं राष्ट्रीय मूल्यों की पुनर्स्थापना करना है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य टी एल साहू ने कहा योग स्वस्थ,तनाव मुक्त,और अनुशासित जीवन जीने की एक शैली है। यह भारत की अमूल्य विद्या है। जिसका महत्व आज पूरा विश्व समझ रहा है। कार्यक्रम का संचालन एसके सेन एवं आभार प्रदर्शन धर्मपाल वर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता एम एल मार्कण्डेय,एस के मिश्रा,एस के वैष्णव,बिजय महतो,वैशाली वर्मा, श्री मनहर,कमलकांत, अविनाश सिंह ठाकुर, विकास वर्मा,एकता राजपूत,भार्गव साहू एवं संकुल समन्वयक रमेश साहू समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

---

# जामगांव आर में बूथ क्र 214 के अध्यक्ष बने सीताराम, 215 की जिम्मेदारी मुकेश को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक चुनाव का आधारगत बूथ का चुनाव रविवार जामगांव आर में हुआ। चुनाव अधिकारी भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू एवं सहायक भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू थे।

बूथ क्रमांक 214 के अध्यक्ष सीताराम साहू और बूथ क्रमांक 215 के अध्यक्ष मुकेश साहू चुने गए। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, भाजपा नेता नरेश केला, कन्हैयालाल साहू, सुरेश जैन, मेघनाथ सागरवंशी, राधेश्याम राठी, युधिष्ठिर चंद्राकर, पूर्णेंद्र सिन्हा, मनीष जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाटन भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि प्रदेश और राष्ट्र में भाजपा की मजबूती का आधार है भाजपा का बूथ संगठन, सर्वविदित है संगठन में शक्ति होती है। संगठन शक्ति की नींव बूथ होता है बूथ जितना मजबूत होगा। इसलिए बूथ को सशक्त बनाने के लिए बूथ अध्यक्ष समर्पित भाव से पूरी लगन निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। वहीं, महिला मोर्चा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, दक्षिण पाटन मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने कहा कि आज जो नेता उच्च पदों पर आसीन है वे भी कभी बूथ स्तर के नेता रहे हैं। उनकी मेहनत, लगन और समर्पण ने उन्हें सतत ऊंचाई दी और वे कर्तव्य निष्ठा के साथ भाजपा के बैनर तले देश की आमजनता की सेवा कर रहे हैं।

---

**छात्रों ने विविध खेल और प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन**

# एकेडमिक स्कूल में 9वें किड-फिट डे का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल ने शनिवार अपने वार्षिक खेल दिवस पर 'किड-फिट डे' का भव्य आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करना था। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत' थी, जो राष्ट्रीय प्रगति में खेलों की भूमिका को दर्शाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय संचालिका एवं विधायक भावना बोहरा रही। उद्घाटन प्राचार्य पंकज जोशी ने मशाल प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में छात्रों का स्वागतम नृत्य हुआ। वहीं छात्रों ने विविध खेल और प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नर्सरी के बच्चों द्वारा पोम-पोंप्स ड्रील और क्रेब रेस का प्रदर्शन किया गया। पीपी1 के बच्चों द्वारा स्वच्छ भारत ड्रील के अंतर्गत भारत राष्ट्र में 2014 से स्वच्छता पर मनमोहक ड्रिल की प्रस्तुति दी और पीपी1 के छात्रों ने केंडी हिडिंग का प्रदर्शन किया। पीपी-2 के बच्चों ने माई इंडिया ड्रील जिसमे छात्रों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से भारत देश का मानचित्र बनाया, जिसे अभिभावकों ने सराहा एवं फ्लेग स्प्रिंटर्स रेस का प्रदर्शन किया गया। कक्षा पहली के छात्रों द्वारा योग ड्रिल के माध्यम से छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न योग आसनों को प्रदर्शित किया गया। कक्षा दूसरी के छात्रों द्वारा क्रावलिंग क्रीपर्स रेस में भाग लिया। कार्यक्रम अच्छे तरीके से प्रस्तुत किया गया। सभी विजेताओं को प्रोत्साहित करने पुरस्कार वितरण किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्पोर्ट्स विलेज डिस्प्ले कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

**माता-पिता और शिक्षकों की भागीदारीः** कार्यक्रम में माता-पिता के लिए पैरेंट्स रेस का आयोजन हुआ। माताओं की रेस में आकांक्षा तिवारी, प्रीति संतवानि और चंद्रप्रभा सिंह क्रमशः प्रथम द्वितीय और तीसरे स्थान पर रहीं। पिताओं की रेस में माया राम ढिंकर, दीपक अहिरवार और हुकुम साहू ने क्रमशः प्रथम और तीसरे स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पंकज जोशी ने कहा, खेल केवल शारीरिक गतिविधियां नहीं हैं, बल्कि यह बच्चों को जीवन के बड़े पाठ सिखाते हैं सहयोग, अनुशासन, नेतृत्व और कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका भावना बोहरा ने कहा कि, आज का यह आयोजन बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का प्रतिबिंब है।

खेल उनके जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ता को बढ़ावा देते हैं। मैं सभी छात्रों से आग्रह करती हूं कि वे जीवन में बड़े लक्ष्य तय करें और पूरे समर्पण के साथ उन्हें हासिल करें। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा, बच्चों की शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण में हमेशा अग्रणी रहेगा।

कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा किए। भारती शर्मा ने बच्चों और शिक्षकों की मेहनत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा की बेमेतरा में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल विश्व स्तरिए शिक्षा प्रदान कर रहा है जो की उल्लेखनीय है।

---

## अकलवारा के ग्रामीण इकट्ठा कर रहे पैरा...



**देवकर।** ग्राम पंचायत अकलवारा में लोगों द्वारा एक सहराना कार्य किया गया। इसमें खेतों में धान कटाई के बाद पराली को गांव में ही गौठान पर इकट्ठा करने का निर्णय लिया गया। गांव में बैठक कर सभी किसान मजदूर मिलकर जितने भी ट्रैक्टर गांव में हैं व गांव के सभी लोग वह शनिवार और रविवार को त्यौहार मनाकर पराली इकट्ठा करने का निर्णय लिया गया। गौठान को सुरक्षित कर गांव में जितने भी घुमंतू पशु हैं, उन्हें वहां रखने का व्यवस्था की गई। शनिवार और रविवार को गांव के लोग खेतों में पराली इकट्ठा करते हुए नजर आए। इसमें पूरे गांव के लोगों का सहयोग रहा।

### साइबर फ्रॉड मामले में आरोपी के पिता से पूछताछ

**भिलाई।** बेंगलोर में लाखों रुपए की साइबर फ्रॉड करने के बाद फरार हुए आरोपी की तलाश में बेंगलोर पुलिस की टीम दुर्ग आई थी। जानकारी के मुताबिक फरार नाबालिक आरोपी मोहन नगर थाना क्षेत्र का निवासी है। 1 लाख 40 हजार रुपए की बेंगलोर में हुए साइबर फ्रॉड में शामिल उक्त नाबालिक आरोपी को पकड़ने टीम आई हुई थी। बताया जाता है कि नाबालिग का पिता गुटके का बड़ा कारोबारी है। पुलिस ने आरोपी के पिता को थाने में बैठाकर पूछताछ की है।